नवरात्रि | आज चौथे दिन मां कुष्मांडा का होगा पूजन अर्चन, सड़कों पर मां की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए निकलने लगे श्रद्धालु


नगर निगम परिसर में स्थापित माता महाकाली


सिद्धपीठ बगलामुखी मंदिर में जगतजननी के दर्शन


बगलामुखी मंदिर में स्थापित कलशों के दर्शन


मंदिरों में पूजन अर्चन के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

सुबह मंदिरों में रौनक, शाम से दुर्गा पंडालों में पर्व की धूम

नवभारत,जबलपुर। मंगलवार को भक्तों का बड़ा समूह माताराणी के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना में सुबह से ही लीन रहा। मां चंद्रघंटा साहस-शौर्य और शांति की प्रतीक हैं और उनकी कृपा से भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और निर्भयता आती है। बुधवार नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा का पूजन अर्चन किया जाएगा। शहर के अधिकांश मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब जल अर्पित करने पहुंचा, ये सिलसिला सुबह करीब 11 बजे तक चला। इसके बाद शाम होते ही एक बार फिर से शहर की अधिकांश सड़कें आकर्षक विद्युत साज सज्जा से जगमग हो उठीं। उधर अपने अपने घरों के मंदिरों में भी शहरवासियों द्वारा जवारे स्थापित किए गए हैं जिनका पूजन अर्चन प्रतिदिन आस्था के साथ किया जा रहा है।

इस बार नवरात्रि में एक बड़ा परिवर्तन नजर आया, जो भक्तों का समूह नवरात्रि में पंचमी के बाद सड़कों पर मां जगतजननी की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए निकलता था वो इस बार समितियों द्वारा पहले से ही पंडालों में स्थापित कीं गईं दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए निकलने लगा है। इस कारण शहर की अधिकांश सड़कें भक्तों की चहल पहल से रात को रोशन हो चुकीं हैं। वहीं दुर्गा समितियों में सुबह और शाम प्रतिदिन मां की आरती का क्रम जारी है।

ग्रामीण अंचलों में भी शुरू नवरात्रि की धूम

शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते बरेला, पनागर, कुंडम सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। गांव-गांव और घर-घर मां जगत जननी की पूजा-अर्चना की जा रही है। नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, वहीं श्रद्धालु अपने घरों में भी मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की विधि-विधान से आराधना कर रहे हैं। जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और पूरा क्षेत्र माता रानी की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है। वहीं बरेला पड़वार के समीप वटेश्वर धाम पिपरिया में मां जगदम्बा अपनी नौ बहनों के साथ हरदौल बाबा भैरव बाबा के साथ विराजमान हैं। इस वर्ष मंदिर समिति ने सम्पूर्ण मंदिर परिसर को प्राकृतिक फूल पत्तियों से सजावट की है, जो कि आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

रांझी में मनोकामना महाकाली हुई विराजमान



रांझी स्थित मनोकामना वाली महाकाली की हुई स्थापना 31 वर्षों से होती आ रही है। इस वर्ष भी रांझी में मनोकामना वाली महाकाली पंडाल में विराजित हो चुकीं हैं और भक्तों का समूह माता के दर्शन के लिए अभी से निकल पड़ा है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस महाकाली के पास आकर जो भी अपनी मनोकामना मांगता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है और उसके बाद फिर श्रद्धालु वहां पहुंचकर माता के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

चांदी के सिंहासन में विराजीं मां दुर्गा की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र



गली नंबर 7 सदर बाजार की श्री बाजार काली दुर्गोत्सव समिति ने इस वर्ष 158 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। सुनरहाई के बाद ये समिति शहर की दूसरी ऐसी समिति है जो कि पिछले कई सालों से मां की प्रतिमा पंडाल में स्थापित करतीं आ रहीं हैं। समिति के पुजारी व व्यवस्थापक आशीष कुमार गुप्ता ने नवभारत से चर्चा के दौरान बताया कि सदर की माता दुर्गा प्रतिमा के दर्शन करने दूर दूर से भक्तों का जनसैलाब सदर तक पहुंचता है। इस वर्ष उनके द्वारा माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा पंडाल में विराजित कर दी गईं हैं। माता दुर्गा की स्थापना छठ के दिन 16 अक्टूबर को सुबह करीब 6 बजे पूरे विधि विधान से की जाएगी। अभी भी भक्तों का जनसैलाब माता के प्रथम दर्शन के लिए सदर तक पहुंचने लगा है। श्री गुप्ता के अनुसार माता दुर्गा को 800 ग्राम सोने का श्रृंगार अर्पित किया गया है और साथ ही करीब 126 किलो चांदी के सिंहासन पर जगतजननी मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान हो चुकीं हैं।

एक नजर में

आज मनाया जाएगा 71 वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस

नवभारत,जबलपुर। ऑल इंडिया समता सैनिक दल रजि. इकाई जबलपुर के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को डॉ. आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट पर 71 वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं धम्मविजया दिवस प्रात: 8:30 मनाया जाएगा। विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यर्पण एवं बुद्ध वन्दना की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्ष आयुष्मान बिन्दुसार कापसे एवं संयोजक आयुष्मान अशोक रामटेके द्वारा विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ का भी आयोजन-बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ जबलपुर के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को डॉ. आम्बेडकर चौक हाईकोर्ट पर 70 वॉ महान सम्राट अशोक एवं धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस प्रात: 8:30 मनाया जाएगा। भारतीय संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर ने नागपुर की दीक्षाभूमि मे 14.10.1956 को बुद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण की। डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यर्पण एवं बुद्ध वन्दना की जाएगी।

वेस्ट टू एनर्जी प्लांट-डुमना नेचर पार्क देख अभिभूत हुए एमएएनआईटी के छात्र



एमएएनआईटी भोपाल के विद्यार्थियों ने किया जबलपुर का भ्रमण

नवभारत,जबलपुर। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) भोपाल के छात्र-छात्राओं ने एक विशेष स्टडी टूर प्रोग्राम के तहत संस्कारधानी जबलपुर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और तकनीकी नवाचारों का बारीकी से अवलोकन किया और नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली की जमकर सराहना की।

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने एशिया के दूसरे सबसे घने जंगल स्थित डुमना नेचर पार्क की सुंदरता और उसकी जैव-विविधता की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने कचरे से ऊर्जा बनाने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य अत्याधुनिक संयंत्रों का दौरा कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नगरीय स्वच्छता की प्रक्रियाओं की तकनीकी जानकारी एकत्रित की।

निगमायुक्त से सौजन्य भेंट और मिला विशेष मार्गदर्शन

अध्ययन भ्रमण के बाद एमएएनआईटी के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार से सौजन्य भेंट की। इस बैठक के दौरान विद्यार्थियों ने शहर के रूटीन विकास कार्यों और निगम द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। निगमायुक्त श्री अहिरवार के अनुभवों और सुशासन की कार्यप्रणाली से छात्र अत्यधिक प्रभावित नजर आए और उन्होंने शहर के व्यवस्थित विकास मॉडल की सराहना की। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विद्यार्थियों को मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मां नर्मदा के महत्व को विस्तार से समझाते हुए इसके उद्गम स्थल से लेकर जबलपुर तक के प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला। निगमायुक्त ने तकनीकी छात्रों को प्रेरित करते हुए नर्मदा नदी पर शोधकरने और अकादमिक अध्ययन को आगे बढ़ाने की विशेष समझाइश दी। इस अवसर पर नगर निगम के अपर आयुक्त, उपायुक्त, सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी तथा एमएएनआईटी भोपाल से प्रोफेसर डॉ. सुरभि मेहरोत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

सिटीजन क्लब के वरिष्ठ सदस्यों को किया गया सम्मानित

सैम सीनियर सिटीजन क्लब का आयोजन



नवभारत,जबलपुर। भारत सरकार के उपक्रम युवा केंद्र द्वारा 'सैम सीनियर सिटीजन क्लब' के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान समारोह साउथ एवेन्यू माल में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब के 12 से अधिक वरिष्ठ सदस्यों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तथा मिष्ठान व अल्पाहार कराया गया।

समारोह में प्रमुख रूप से जादूगर एस. के. निगम, विंग कमांडर चंदन शर्मा, डॉ. अशोक वर्मा, नीरज शुक्ला, ऋषि रैकवार, डॉ लिआओ, सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर दिनेश स्थापक और राजकुमारी रैकवार को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान संगीतमय माहौल में प्रभा नायडू का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने 'हैप्पी बर्थडे' का गीत गाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी ओर से फला हारी स्वल्पाहार भी दिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव एवं महात्मा गांधी नर्सिंग कॉलेज की भारती शाह उपस्थित रहीं। युवा केंद्र की ओर से मीना सिंह एवं श्रीमती ठाकुर ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान कर सभी का आभार जताया। अंत में वरिष्ठ सदस्य जसबीर चोपड़ा एवं रश्मि श्रीवास्तव ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का एयरपोर्ट में स्वागत



नवभारत, जबलपुर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का मंगलवार सुबह शहर आगमन हुआ। इस दौरान डुमना एयरपोर्ट से बाहर आने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। डुमना से दिग्विजय सिंह रामपुर स्थित पूर्व महापौर स्व. विश्वनाथ दुबे के निवास स्थल पहुंचे। यहां श्री दुबे के दामाद सुमित कालिया से उन्होंने लंबी मुलाकात की। ब्रेकफास्ट के बाद वे सड़क मार्ग से राजमार्ग रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वहां महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ ही नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए बन रहे आश्रम को लेकर भी चर्चा करेंगे। इसके बाद उन्होंने मंगलवार शाम 4 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान किया। विमानतल पर दिग्विजय सिंह का स्वागत रामेश्वर नीखरा, पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, राधेश्याम चौबे, वीरेन्द्र चौबे, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, विवेक अवस्थी, मुन्ना अग्रवाल आदि ने किया।

गलत रास्ते में जाने से बचाता है ध्यान : स्वामी श्रीला प्रेम पारस



माता गुजरी कॉलेज में 'भजन क्लबिंग एवं पीस मेडिटेशन कॉन्सर्ट' का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। ओशो होम आश्रम, भेड़ाघाट, जबलपुर की प्रेरणा से माता गुजरी कॉलेज के परिसर में 'भजन क्लबिंग एवं पीस मेडिटेशन कॉन्सर्ट' का भव्य आयोजन किया गया। इस सफल और प्रेरणादायक आयोजन में डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए स्वामी श्रीला प्रेम पारस विशेष रूप से स्विट्ज़रलैंड से जबलपुर आए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'नाद से ध्यान तक' के सफर के माध्यम से युवाओं को उनके अंतरमन से अवगत कराना रहा।

इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने कहा कि जेन जी बहुत प्रतिभाशाली हैं और उन्हें ध्यान के माध्यम से पूरी तरह बदला जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी में असीम ऊर्जा है, बस जरूरत है उस ऊर्जा को सही दिशा में चैनलाइज करने की, और यह केवल ध्यान के जरिए ही संभव है। इस दौरान स्वामी जी ने ये भी बताया कि ध्यान एक ऐसा सुरक्षा कवच है, जो किसी भी व्यक्ति को गलत राह पर जाने से बचाता है।

स्कूलों और कॉलेजों में निरंतर जारी रहेगा अभियान

विशेष रूप से विदेश से आए स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि वे युवाओं के बीच मानसिक शांति और ध्यान का संदेश फैलाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वे ओशो होम आश्रम में केंगरू किड्स स्कूल के कुछ बच्चों को 2 वर्षों से ध्यान की शिक्षा दे रहे हैं, लिटिल वर्ल्ड कैम्ब्रिज स्कूल में भी ध्यान कार्यशाला का सफल आयोजन किया है। भविष्य में भी जबलपुर के कई अन्य स्कूलों और कॉलेजों में इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे, ताकि युवा पीढ़ी तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ सके।

समापन | महाराष्ट्र कॉलेज में गरबा महोत्सव उत्साहपूर्वक समापन

शक्ति की उपासना-अध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं गरबा



नवभारत,जबलपुर। जब मां अम्बे की आरती एवं प्रतिभागियों का गरबा एवं डांडिया नृत्य जब हुआ तब पूरा पंडाल सांस्कृतिक एवं भक्ति के रंग से सराबोर हो गया। अवसर था महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल द्वारा आयोजित महाराष्ट्र कॉलेज गरबा महोत्सव का। महोत्सव के मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरबा भारतीय संस्कृति, देवी उपासना, नारी सम्मान और आध्यात्मिक एकरूपता का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज मौजूद रहे। गरबा महोत्सव में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान गरबा किंग रचित भोजक एवं गरबा क्वीन तनिषा पटेल को घोषित किया गया।

भारतीय कला का जीवंत उदाहरण है गरबा

कार्यक्रम में महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. जयंत कुमार तनखीवाले ने गरबा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गरबा को भारतीय लोक कला का जीवंत उदाहरण बताया। वहीं महाराष्ट्र शिक्षण मण्डल के सचिव प्रमोद दिवाकर पाठक ने गरबा को आत्मिक एवं आध्यात्मिक समरसता की उपमा दी एवं गरबा महोत्सव के सफल आयोजन पर महाराष्ट्र विद्यालय (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम), महाकोशल विद्यालय एवं महाराष्ट्र कॉलेज के प्राचार्य, अध्यापकों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न कायन्दे एवं डॉ. विशेष चंद्र गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन महाराष्ट्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी द्वारा किया गया।

मां भवानी रास गरबा में नजर आई आस्था की झलक



भंवरताल गार्डन महिला योगा ग्रुप द्वारा माँ भवानी रास गरबा का आयोजन होटल अमृत नेपियर टाउन जबलपुर में बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल ने बताया की पिछले 10 दिनों से गरबा का प्रशिक्षण सौम्या सोंधिया एवं मैथली महरोलिया द्वारा दिया गया। इस मौके पर खम्मा रे खम्मा जैसे गुजराती लोक नित्य के साथ ही कपल गरबा एवं डांडिया का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रतिमा अग्रवाल,मधु श्रोती, नीलू सोनी, विनीता व्यास एवं रेशमा पाहुजा द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया फिर माँ भवानी की पूजा आरती की गई। इस मौके पर सभी सदस्यों नें पारम्परिक वेशभूषा पहन कर कार्यक्रम में बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया एवं स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। गरबा महोत्सव में विशेष उपहार भी दिए गए जिसमें प्रथम पुरुस्कार रेखा ठाकुर, द्वितीय पुरुस्कार मनीषा चौरसिया को प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीतांजलि, रीना, पूजा, अभिलाषा, मंजू, वर्षा, दीपिका, कोमल, वंशिका का विशेष सहयोग रहा।

देश के नामचीन शायरों ने जबलपुर में पेश किए कलाम

देर तक गूंजती रहीं शेर-ओ-शायरी पर दाद की आवाजें, बहोराबाग में अखिल भारतीय मुशायरा सम्पन्न



नवभारत,जबलपुर। बहोराबाग स्थित चार खंबा रोड पर बहोराबाग विकास समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे का आगाज वरिष्ठ समाज सेवी हाजी कदीर सोनी के हाथों शमा रोशन कर किया गया। मुशायरे का आगाज मुख्तार नादिर ने तिलावते नात-ए-पाक से किया।

इसके बाद देश के विभिन्न शहरों से आए नामचीन शायरों ने अपने बेहतरीन कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुशायरे में नईम अख्तर खादमी, शाद बिलासपुरी, सरवर कमाल झांसी, शेख निजामी, दानिश जैगमी, डॉ. मेहताब आलम, उस्ताद बाबू अनवर निजामी, डॉ. जलीलुर्रहमान बुरहानपुर, डॉ. सबा बलरामपुर, तरन्नुम नाज़ फतेहपुर, मुख्तार नादिर और अंतरराष्ट्रीय शायर शमीम अख्तर खादमी बुरहानपुर ने अपने कलाम से खूब वाहवाही बटोरी।

मुशायरे की निजामत डॉ. जलीलुर्रहमान ने की। कार्यक्रम में अतिथियों का इस्तकबाल समिति अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, वकील मसूरी, सगीर अंसारी, लाला ड्राइवर और शेख निजामी सहित अन्य लोगों ने किया। अंत में याकूब अंसारी ने सभी अतिथियों, शायरों और आयोजन में सहयोग देने वालों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद गुलाम हुसैन, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी, याकूब अंसारी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।